**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## आज के मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–, पहलगाम हमले के दोषी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सख्त सज़ा देगा भारत।
- पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदेश में आज आधा दिन बंद रहे बाज़ार– विरोध प्रदर्शन आयोजित।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– आई.टी.बी.पी के सहयोग से प्रदेश में दिया जाएगा सीमांत पर्यटन को बढ़ावा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर स्कूल बंद कर शराब के ठेके खोलने का लगाया आरोप।

**अब समाचार विस्तार से...........**

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालेगा। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या की और ये हमला केवल पर्यटकों पर नहीं हुआ, बल्कि भारत की आत्मा पर भी हुआ है।

## प्रदेश बंद

पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में प्रदेश में व्यापारिक प्रतिष्ठान आज दोपहर तक बंद रहे। शिमला में बाज़ार एक बजे तक बंद रहे। इस दौरान भाजपा और विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों ने विरोध रैलियां निकालीं और प्रदर्शन किया। चंबा में आयोजित विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में पाकिस्तान और जेहादियों के पुतले फूंके गए। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर केशव वर्मा ने इस मौके पर कहा कि अब जेहादियों के खात्मे के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने का समय आ गया है, ताकि देश में शांति व्यवस्था बनी रहे। हमीरपुर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रांत सह–मंत्री पंकज भारतीय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और इस्लामी आतंकवाद का पुतला जलाया। कारगिल युद्ध के हीरो व भाजपा नेता ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने पहलगाम आंतकी हमले को पाकिस्तान का भू–राजनीतिक संकेत करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को फिर से इस हमले के विरोध में सर्जिकल स्ट्राइक करनी चाहिए।

## जगत सिंह नेगी

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को केंद्र सरकार की बड़ी लापरवाही करार दिया है। जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार को इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। इस मौके पर

उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून–2006 के तहत 15 अगस्त तक ज़मीन के मालिकाना हक के लिए आवेदन करने वालों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मालिकाना हक के प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि किन्नौर ज़िला में अभी तक 3 सौ लोगों का मालिकाना हक दिए जा चुके हैं।

**एसडीआरएफ**

गाजियाबाद में एन.डी.आर.एफ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की एस.डी.आर.एफ और सी.एस.आर.आर. प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा मोचक बल ने पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा, नागालैंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और दमन व दीव की कुल सात टीमों को पछाड़कर हिमाचल प्रदेश एस.डी.आर.एफ ने यह उपलब्धि हासिल की। हिमाचल प्रदेश एस.डी.आर.एफ के पुलिस अधीक्षक अरिजीत सेन ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में एच.पी.एस.डी.आर.एफ ने अपने उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के समय में सुधार करते हुए उत्तराखंड को हराया, जो दूसरे स्थान पर रहा, जबकि आंध्र प्रदेश की टीम को तीसरा स्थान मिला। 18 सदस्यों की टीम में शिमला, मंडी और कांगड़ा कंपनियों के जवान शामिल थे।

**सीएम**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत आई.टी.बी.पी के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्रों से और बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज शिमला में उनसे मिलने आए आई.टी.बी.पी. के उत्तरी सीमांत मुख्यालय देहरादून के सीमांत कमांडर संजय गुंज्याल से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई.टी.बी.पी के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित हैलीपैडों को दूरदराज क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इसके लिए आई.टी.बी.पी के साथ विस्तृत चर्चा कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे संपर्क सुविधा भी मज़बूत होगी।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार 2 हज़ार स्कूल बंद कर ठेके खोलने को बेताब है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेशभर में स्कूलों के पास शराब के ठेके खोलने का विरोध हो रहा है और सरकार को अपने फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि नगर निगम शिमला के पास आय के संसाधनों की कमी है। इसके बावजूद सरकार निगम को शराब के ठेके चलाने को मज़बूर कर रही है। उन्होंने पूछा कि आखिर शराब बेचना सरकार की प्राथमिकता क्यों है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि शराब से राजस्व जुटाने के सरकार के सारे दावे झूठे साबित हुए हैं और इससे अपेक्षाकृत राजस्व सरकार को नहीं मिल पाया है।

**नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 26 अप्रैल को प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। अपने इस दौरे के दौरान जगत प्रकाश नड्डा शिमला के बैमलोई स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित होने वाले रोज़गार मेले की अध्यक्षता करेंगे और नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। 26 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर रोज़गार मेले का आयोजन केंद्र सरकार कर रही है।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार अथवा विषयों को लेकर लोग 25 अप्रैल तक प्रधानमंत्री को संदेश व सुझाव भेज सकते हैं। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

**दिवस**

राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी, इंजीनियर्ज़ और पैंशनरों की संयुक्त संघर्ष समिति ने चीफ इंजीनियर स्वर्गीय विमल नेगी के जन्मदिन पर आज बोर्ड मुख्यालय में भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया। इस मौके पर संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक इंजीनियर लोकेश ठाकुर और अन्य वक्ताओं ने कहा कि विमल नेगी को आत्महत्या करने के लिए विवश किया गया। उन्होंने प्रदेश सरकार से विमल नेगी को आत्महत्या के लिए उकसाने के सभी आरोपियों को भारतीय संविधान की धारा–311 के तहत नौकरी से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

**चक्का जाम**

देवभूमि क्षत्रीय संगठन ने स्वर्ण आयोग के गठन और अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के विरोध में आज शिमला में प्रदेश सचिवालय का घेराव कर चक्का जाम किया। संगठन के इस घेराव और चक्का जाम से शिमला शहर में कई घंटे तक यातायात व्यवस्था चरमराई रही। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रूमित ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वर्ण आयोग के गठन के लिए 6 महीने का समय मांगा था, लेकिन अभी तक 2 साल का समय बीत चुका है और सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि संगठन की दोनों मांगे पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–, पहलगाम हमले के दोषी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सख्त सज़ा देगा भारत।
- पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदेश में आज आधा दिन बंद रहे बाज़ार– विरोध प्रदर्शन आयोजित।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– आई.टी.बी.पी के सहयोग से प्रदेश में दिया जाएगा सीमांत पर्यटन को बढ़ावा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर स्कूल बंद कर शराब के ठेके खोलने का लगाया आरोप।

---